॥ श्रीः ॥

बृहत् साबरतन्त्र ।

गंगाविष्णु श्रीकृष्णदासजी,

मालिक-" लक्ष्मीवेंकटेश्वर " छापाखाना,

कल्याण-मुंबई.

शिवोक्त-

बृहत् साबरतन्त्र।

(विधानसहित)

जिसको

गंगाविष्णु श्रीकृष्णदासजीने

अपने "लक्ष्मीवेंकटेश्वर" छापेखानेमें

छापकर प्रसिद्ध किया।

संवत् १९८४, शकाब्दाः १८४९.

कल्याण-मुंबई.

लो यह देखो क्या है !!!

प्रिय सुहृद्वर्ग! वर्त्तमान समयमें अनेक प्रकारके तन्त्रशास्त्र सम्बन्धी विज्ञापन जिधर तिधर देखनेमें आते हैं, परन्तु वास्तवमें वे सब ग्रन्थ वैद्यकके सिद्ध होते हैं। यथार्थ तन्त्र उसीको कह सकते हैं जिससे उभयत्र साधुवादकी प्राप्ति हो। जब भगवान् भूतनाथने समस्त सिद्ध मन्त्रोंको कील दिया था उस समय केवल साबर मन्त्रही कीले जानेसे मुक्त रहे थे। साबर मंत्रोंके अतिरिक्त अन्य मन्त्रोंका कलियुगमें सिद्ध होना दुस्तरही नहीं, वरु असम्भव है, परन्तु साबर मंत्र तत्काल अपनी सिद्धिका परिचय देते हैं,। इन मन्त्रोंका जप करके सिद्ध करनेकी विशेष आवश्यकता नहीं; लिखाहै कि--

अनमिल अक्षर अथ न जापू।
प्रकट प्रभाव हमेश प्रतापू॥

जिनको असली साबर तन्त्र लेनाहो, पुस्तक हाथमें थामतेही सिद्ध बन जानेकी कामना हो अथवा सच्चे सिद्ध बनकर इस लोकमें द्रव्य और यश एवं अमुत्रमें मोक्षकी कामना हो तौ इसी असली ग्रन्थको खरीदो॥

संशोधकः टिप्पणीकारकश्च—

पण्डितमण्डल कार्यालय
२७ जौलाय १८९८

व्रजरत्नभट्टाचार्यः
पट्टवरगंज,
मुरादाबाद.

भूमिका।

प्यारे पाठको ! आज आपकी चिरकालीन आशा पूर्ण होगई, जिस अमूल्य पुस्तकका मिलना आशातीत समझा जाता था आज वह अमूल्य रत्न हम दोनों हाथसे लुटा रहे हैं। समस्त यन्त्र मन्त्र और तन्त्रोंको जिस समय महादेवजीने कील दिया था उसके अनन्तर साबरमन्त्र निर्माण करे थे। साबर मन्त्र कितने सुसाध्य हैं कहनेकी तो कोई आवश्यकता नहीं परन्तु हमारे पाठक इतनेहीमें समझ जायँगे कि साबर मन्त्रोंको दो चार बार पढकर प्रयोग करनेसे सब प्रकारकी कामनायें सिद्ध होजाती हैं। मारण, मोहन, वशीकरण आदिका साधन भूत प्रेतादिकोंकी बाधाको दूर करना, सर्प आदिक बढे २ विषैले जीवोंका विष दूर कर उनको वशमें कर लेना इत्यादि विषयोंमेंसे कौनसे ऐसे विषय हैं कि जिसको मनुष्य इन साबरमंत्रके द्वारा बातकी बातमें सिद्ध न करसकता हो।

१ इसमें सब मंत्रोंकी विधि मंत्रोंके नीचे लिखी गई है और जिनकी विधि कुछ नहीं लिखी है उन मन्त्रोंको ग्रहणमें जपकर सिद्ध कर लेना चाहिये। और यंत्रोंमें जहां कहीं देवदत्त लिखा है वहां उसका नाम लिखना चाहिये जिसके ऊपर प्रयोग करना हो।

२ मंत्रशास्त्रोंको महादेवजीने कील दिया है उनका प्रचार देखकर हमने इस परम गोप्य ग्रन्थका प्रकाश करना उचित समझा क्योंकि उन कीलित मंत्रोंका अनुष्ठान करनेसे वे सिद्धि होने दुस्तर हैं, इसी कारण मनुष्योंकी मंत्रशास्त्रमें अविश्वाससा हो गया है। हमारा मन्तव्यभी मंत्रशास्त्रको गुप्तही रखनेका है परंतु मंत्रशास्त्रका गौरव घटता देखकर यह पुस्तक प्रकाश की गई है अन्तमें हम उन तांत्रिकोंसे जो मंत्रशास्त्रके ग्रन्थोंको गुप्त रखना उत्तम समझते हैं क्षमा करनेकी प्रार्थना करते हैं क्योंकि जगत्प्रसिद्धमहात्मा कामराजजी शाक्तके प्रधान शिष्य दिगम्बर कालिकानन्दजीसेभी छापनेकी आज्ञा लेली है और यह विषय तांत्रिक सभासेभी निश्चय हो गया है कि मंत्रशास्त्रकी मर्यादा रखनेको एक ग्रंथ अवश्य प्रकाशित होना चाहिये इसी कारण हम क्षमा प्रार्थना करते हैं कि कोई महाशय हमारे ऊपर किसी प्रकारका दोषारोपण न करें।

गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,
"लक्ष्मीवेंकटेश्वर" छापाखाना,
कल्याण-मुंबई.

बृहत्साबरतन्त्रकी विषयानुक्रमणिका।

इति अनुक्रमणिका समाप्त ।

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

शिवोक्तं

बृहत्साबरतन्त्रम् ।

[विधानसहितं]

पार्वत्युवाच ।

भगवन् मम प्राणेश सर्वलोकशिवंकर ।
बृहत्साबरतन्त्राणि वक्तुमर्हस्यशेषतः ॥

पार्वतीजी बोलीं, हे हमारे प्यारे प्राणनाथ ! हे समस्त संसारके मंगलकर्ता ! हे भगवन् ! हे महादेव ! आप सम्पूर्ण बृहत्साबरतंत्र यंत्र और मन्त्रोंको मुझसे वर्णन करिये ॥ १ ॥

महादेव उवाच ।

वक्षाम्यहं साबराणि मन्त्रतन्त्राणि पार्वति ।
सर्वकामप्रसाधीनि शृणुष्वावहिता प्रिये ॥ २ ॥

महादेवजी बोले, हे प्यारी पार्वति ! जितने साबरमन्त्र और तन्त्र हैं, जिनसे कि समस्त कामना

सिद्ध हो जाती है, उनको हम तुमसे कहते हैं तुम सावधान चित्तसे श्रवण करो ॥ २ ॥

तत्रादौ वशीकरणमंत्रः।

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय त्रिलोचनायत्रिपु-रवाहनाय। अमुकं मम वश्यं कुरु कुरु स्वाहा ॥

इस मंत्रको सिद्ध योगमें १०८ वार जपे और सुपारी पढके दे तो वश्य होता है ॥

स्त्रीवशीकरण।

ॐ नमो कटविकटघोररूपिणी अमुकं मे वश-मानय स्वाहा ॥

प्रथम इस मंत्रको ग्रहणमें १०,००० वार जपे फिर रविवारको इससे अभिमन्त्रित करके भोजन करे और भोजन करते समय जिसे वशमें करना चाहे उसका नाम लेता जावे तो वह शीघ्र वशी-भूत होती ह ॥ २ ॥

अन्यच्च।

ॐ चामुण्डे जय २ वश्यंकरि जय २ सर्व-सत्वान्नमः स्वाहा ॥

इस मंत्रको १०,००० वार जपे फिर रविवार या

पाठकोंको ध्यान रखना चाहिये कि जहां "अमुक" लिखा हो वहां उस व्यक्तिका नाम लेना चाहिये जिसके ऊपर प्रयोग करना है ॥

भौमवारको इस मन्त्रसे पुष्प अभिमन्त्रित कर जिसे दिया जायगा वह अवश्य वश होगा॥

अन्यच्च।

ॐ नमो भगवति मातंगेश्वरि सर्वमुखरंजनि सर्वेषां महामाये मातंगे कुमारिके नन्द २ जिह्वे सर्वलोक वश्यकारि स्वाहा ॥

इसका १०००० जप करनेसे यह मंत्र सिद्ध होता है॥

श्वेतापराजितामूलं चन्द्रग्रस्ते समुद्धृतम्।
अंजिताक्षो नरस्तेन वशीकुर्याज्जगत्त्रयम् ॥ १ ॥
ताम्बूलं रोचनायुक्तं तिलकेन जगद्वशम्।
ताम्बूलेन प्रदातव्यं भोजने पानमेव च ॥ २ ॥
शिलारोचनताम्बूलं वारुणीतिलके कृते।
संभाषणेन सर्वेषां वशीकरणमुच्यते ॥ ३ ॥
शिरोनिवेष्टितं कृत्वा तेनैव तिलकं कृतम्।
अदृष्टं तं न पश्यंति नार्यो वा पुरुषाश्च वा॥ ४॥
ग्राह्यं शुक्लत्रयोदश्यां श्वेतगुंजां समूलकम्।
तांबूलं च प्रदातव्यं सर्वलोकवशंकरम् ॥ ५ ॥

चंद्रग्रहणके समय श्वेत विष्णुक्रान्ताकी जड लेकर उसका अंजन नेत्रोंमें लगानेसे निःसंदेह त्रिभुवन वशीभूत होता है ॥ १ ॥ ताम्बूलमें गोरोचन मिलाकर तिलक करनेसे अथवा ताम्बूलके साथ या

भोजनमें मिलाकर भक्षण करादेनेसे जगत् वशीभूत होता है ॥ २ ॥ मनासिल, गोरोचन और ताम्बूल इन तीनोंको मिलाकर तिलक लगावे तो तिलक लगानेवाला जिससे संभाषण करे वह वशीभूत होता है ॥ ३ ॥ शिर निवेष्टित करके तिलक करे तो उससे अदृष्ट हो जावे उसे कोई स्त्री पुरुष नहीं देख सके ॥ ४ ॥ शुक्लपक्षकी त्रयोदशीको सफेद घुँघुचीको जडसहित लेके पानके साथ देनेसे सब लोक वश हो जाते हैं ॥ ५ ॥

अन्यदपि ।

या अमीन या फामीन हमारे दिलसे फलांनेका दिल मिला दे ॥

जिसपर मंत्र चलाना हो उसके संमुख अग्निके निकट बैठके उसे गूगल लोबान धूप दिखावे और जब उसकी दृष्टि उस धूपके ऊपर पडे तब उसे मंत्र पढ अग्निमें गिरा देवे । इस प्रकार २१ वार होम करे तथा ७, १४ या २१ दिन इसीतरह होम करे तो वह तत्काल वश होगा । यह मन्त्र स्त्रियोंके ऊपर अपना प्रभाव शीघ्र ही उत्पन्न कर देता है ।

अन्यच्च ।

पिंगलायै नमः ।

इस मंत्रका २०००० जप करे ।

भ्रमरस्य पक्षयुगं शुकमांससमन्वितम् । स्वानामिकारुधिरं च कर्णमलं यं खादयति स वश्यो भवति ॥ ६ ॥

दोनों पक्षसहित भ्रमर व शुकमांस एकत्रित करके अपनी अनामिकांगुलीके रुधिरमें कानका मैल मिलाकर जिसको भक्षण कराया जाय वह अवश्य ही वश होता है ॥ ६ ॥

अन्यच्च ।

ॐ हुं स्वाहा ।

कृष्णापराजितामूलं ताम्बूलेन समन्वितम् ।
अवश्यं वै स्त्रियो दद्यात् वश्या भवति नान्यथा ७॥

काली विष्णुक्रान्ताकी जड ताम्बूलमें मिलाकर "ॐ हुं स्वाहा" इस मंत्रसे अभिमन्त्रित कर जिस स्त्रीको भक्षण कराया जाय वह निःसन्देह वश होगी ॥ ७ ॥

अन्यच्च ।

ॐ पिशाचरूपिण्यै लिंगं परिचुम्बयेत् । नागं विसिंचयेत् । अनेन मंत्रेण यस्य नाम्ना एकविंशतिवारं प्रातः मुखं प्रक्षालयेत् । अथवा जलमभिमंत्र्य ददाति स वश्यो भवति ॥

अन्यच्च ।

ॐ नमो भगवति पुर २ वेशानि पुराधिपतये सर्वजगद्भयंकारि छीं भैं ॐ रां रां रं रीं क्लीं वालौसः पंचकामबाणसर्व श्रीसमस्तनरनारीगणं मम वश्यं नय नय स्वाहा ॥

इस मंत्रको १५ वार पढके अपने मुखके ऊपर हाथ फेरकर जिधरको देखे उधरके लोक वश्य होते हैं ॥

अन्यच्च ।

ॐ नमो भगवति चामुण्डे महाहृदयकंपिनि स्वाहा ॥

इस मंत्रसे २१ वार बीडेको अभिमंत्रित करके जिसे दिया जाय वह वश होगा ॥

अन्यच्च ।

क्लं क्लौं ह्रीं नमः ।

इस मंत्रका तीनों समय १००० जप करे तो पातालवासी वशमें होते हैं । १०००० हजार जप करे तो देवता वशमें होते हैं । १००००० जप करे तो त्रिलोकी वशमें हो जाती है ॥

अन्यच्च।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं कालिके सर्वान् मम वश्यं कुरु कुरु सर्वान् कामान् मे साधय २। अनेन मन्त्रेण यस्य नाम्ना एकविंशति वारं प्रातः मुखं प्रक्षालयेत्। अथवा जलमभिमंत्र्य ददाति स वश्यो भवति॥

प्रेत बरावेका मंत्र।

बांधो भूत जहां तु उपजो छाड़ो गिरे पर्वत चढाइ सर्ग दुहेलीपृथिवी तुजभिझिलिंमिलाहि हुंकारे हनुं-वंत पचारइ भीमा जारि जारि जारि भस्म करे जों चांपेसींउ॥

आत्मफूँकन मंत्र।

ॐ मुरतोंका गंडा अष्ट वेताल आठों वायु तीसो-रहसे छेद भेदकी ज्ञानमो रंगे नकरुद्यामो रमा नारा-यणी सप्त पाताल जानि मोर काज मोहिसाडारे तइ-थिला विकिटार आस आस विकिटार तो सोरषीमो गोरषी कारसी आकार बीज गोरषी वज्र करथिवौ॥

बाबाआदममंत्रः।

गुरु सत्यं विस्मिल्लाहका पूज्योमा आवनकार आदि गुरु सृष्टिकरतार वेद वहर तारांहि एकी आइ युग चारि तीन लोक वेद चारि पांचों पांडव छव

मारग सात समुद्र आठ वसु नव ग्रह दश रावण ग्यारह रुद्र बारह राशि तेरहमोल चौदह शोक पंद्रह तिथि चारि खानि चारि वानि पाँच भूत चौरासी आत्मा लाषति अयानि अष्टकुली नाग तेंतीसकोटि देवता आकाश पाताल मृत्यु लोक रात दिन पहर घरी दण्ड पल विपल महारथ साषिधरभेहौ अब जो कछु फलानेके पीरा देव दानव भूत प्रेतराखीसुजानु-विनानु किताकराषादितावा क्षागाठिमुठिरषणी मु-खणी विलनी फोठौरीगद्धहीनीनाइकषोलाइअधौगी करणमूलवायुसूलुणसुरूननहरूवागडहरूवाजगरहू करक्तपीतमूत्रकुक्षडाढारहप्रमेहगोलाफलीहानहरू-आअहोगासोगाअर्धशीशी कुटीलुतीबुवारीमिरगी कमलवांड हंडी आनुवावुहयेलगंडक्रवायुचोटफेट-दिताकितालापालगायाषरपितीलिंघाउलंघाबाटघाट बाहर निसार पसार सांझ सकार कौनहु प्रकार होइ हाडउदवार चामनाडी अर्द्धअंगजहारूसी दोहाइसलेमानपेगम्बरकी तुरन्त विलाही षीनजाही नातरु सवा लाख पैगंबरकी वज्रथाप नवनाथ चौराशी सिद्धिके सराप शेषसरपूदी अहि आपीर मनेरीकी शक्ति बाबा आदमकी भक्ति जरिभस्म होइ जाय जाहि निहिनिषद्धजाहि जाइ पिंड कुशल दोष फिटु फिटु स्वाहा ॥

मंत्रभूतडायिनियांगलसर्वकेझारेकामंत्र ।

जैसे कैलोमाकार्य सरूपे करिकारिवो न करो वली तते राम लक्ष्मण सीतेया कार कोटि २ आज्ञा ।

इस मंत्रसे भूत डाइनियां गल नाल नाईको झाडा देनेसे बाधा दूर होती है ॥

देवीमंत्र ।

ॐ रुनुं इझुनुं इमृत मारातं देवी ओरंपर तारा वीरमान्यो वीर तोन्यो हांक डांक महिमथन करण- जोग भोग जोग धर छतीश नक्षत्र धर सर्प पति वासुकी धर सप्तब्रह्मांडे पति ब्रह्मोके छायाधौ देवीधौ देवताधौ डाइनिधौ गुरुराणांधौ भूतधौ प्रेतधौ घरधर मांचंडी बीजकरुवालषंडी धौर्यवागुटिनां य दाददली इमानको चलंते केके जाते आर रेवीर भैरवी काम रूप कामचंडी धर धर वाकी महा काख्य करे मडरू मारौ कुकी धर वारण धरौवलीते ते कामरू कामचंडीइटमाया प्रसरांणि कोटि कोटि आज्ञा देवी रामचंडी बीजे चलिषंडी चौदिगे ऐरलदेवी वसिलाकिमांडि चांडिचंद्र चमेकिले सूर्यटरिल ऐर- लदेवी हराहरांपारि सुखिला कीटरे जीवो परांद्रिवा- हंते खप्पर दाहिने हाथे छुरि ऐरलादेवी अवरतारि डाइनि बांधो चुरइलि बांधु गुनीबांधु मोरा बांधु

मसानी बांधु गुनिया नासुनी आवे गराणि आंवुलावे रांडे माला डांडे जीवताडांडै हसै खेलै भारिवन झारो वलिते ते ते कामरू कामचांडि कोटिश आज्ञा॥

वाघ बरावेका मंत्र ।

बैठी बठा कहां चल्यौ पूर्वदेश चल्यौ आंखि बांध्यौ तीनों कान बांधौ तीनों मुँह बांधौ मुँहकेत जिह्वा बांधौ अधौ डांड बांधौ चारिउ गोड बांधौ तेरी पोछि बांधौ न बांधौ तौ मेरी आन गुरुकी आन वज्र डांड बांधौ दोहाई महादेव पार्वतीके।

यह तीन वार पढके चार कंकर चारों तरफ डारके बीचमें बैठे ॥

अन्यच्च ।

ॐ सत्यमाता शंकरपिता शंकर किलइ चारिउ दिशा जहां २ मैं शंकर जाइ तहां २ मेरो किंकर जाइ जहां जहां मेरी दीठि तहां तहां मेरी मूठि जहां जहां मेरी नादको शब्द सुनि आवे हो नरसिंहवीर माताबाघेश्वरीको दूध हराम कर कहौ कवन २ किलोवानषुवां न पुंगली और शार्दूल केशरि तेंदुवा सोनहार अधिआगाधिआ अटिआर दूदि आर हरिआर काठि पठि पराधिता चलि घेरिये ते नहि आरे अवनि किलौ नारसिंहवार किलै कहु कवन २

किलौगाइका जाया भद्र सिक जाया भेडीका जाया घोड़ीका जाया छेरीका जाया डुइयावचौ पावक घाउ लागइ शिव महादेवको जटाके घाव लागे पार्वतीके वीर चूके हाके हनुमन्त बरावे भीमसेनि मन्त्रै बाँधे जो वाये सीम ॥

अन्यच्च ।

आरापुरवारा परवतपरवारी जहाँ बोइक पसारी जाको तेगौरानी रानी ताकी बनाई जा रीतिमें बांधौ बाघ बोलाई एही वन छाँडि दूसरे वन देखि फेरीक्षा होइ तौ महादेव गौरापार्वतीके दोहाइ हनुमंतजतीकी नोना चमारिकी आज्ञाका बातें कुवाचा चूकै तो ठाढे सूखै गुरुकी शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरोवाच ॥

अन्यच्च ।

डांडल कालकमुहविकरालविरराक्षदेकरे अहार नामदेव मेलजटाजाऊ बाघ जो जन सब आठ ॥

अन्यच्च ।

महादेवका कुक्कर लुटै लुटै कान मोरे निकट आवहु सुनि आवै लोहनपह पाउ रक्षा करे श्रीगोरखराउ ॥

इस मंत्रको दश वार पढ सर्वांगको रेणुसे स्पर्श करे ॥

सूचीबंधनमंत्र।

धार धार धार बाँधौ सात वार न लागे न फूटै न आवै घाव रक्षा करै श्रीगोरखराव मेरी भक्ति गुरुकी शक्ति हनुमंतवीर रक्षा करै फुरो मन्त्र ईश्वरोवाच ॥

सुई हाथमें लेके सात वार मंत्र पढे फिर जहां बांधे वहां छेदे ॥

पहुँचा छेदनेका मंत्र।

काले तील कवेला तील गुजरी बैठी बीर पसारै सुई न बेधे माधाइ पीर न आवै काली करुइमतीं भारी दुष्य तिबुकीलार अवनी बांधौ सूई अषर्षा-डेकी धार आवे न लोहू न फुटे घाउ रक्षा करै श्री-गोरखराउ ॥

उरद पढके बकरेको मारो घाव न लगे ॥

गागर छेदनेका मंत्र।

नीरा धार बांधौ लक्षवार न बहै घाउ न फूटै धार रक्षा करे श्रीगोरखराउ ॥

धनुर्बंधनमंत्र।

ॐ सारसार माहासारसो बांधौ तीनि धार न धरै चोट न परै घाव रक्षा करे श्रीगोरखराउ ॥

सर्वधारबंधनमंत्र ।

जहिआ लोह तोर शिर जाका घाव मासकर जानि हिया आनंत सोचर करहु मैं बांधौं धार धार मूठि धनि दुनौ तारि ठढीही मीहिन अडाफा- टिहि चण्डी दीन्हिवर मोहिं धारजेठठे तोरिरइ ईश्वर महादेवकी दुहाई मोरे पथ न आउ धारधार बांधौ लेहु उठे धार फुटै मुनै फुटै मोरि सिद्धि गुरूके पांव शरण ॥

धार बांधनेका दूसरा मंत्र ।

माता पिता गुरू बांधौ धार बांधौ अस्त्री वश्ये कटै मुनै बांधा हनुमन्तनसुर नवलाख शूद्रनपाके पांउ रक्षा कर श्रीगोरखराउ एती देइन वाचानर- सिंहके दुहाई हमारी सवति आ ॥

अग्निस्तम्भनमंत्र ।

अपार बांधौ विज्ञान बांधौं घोराघाट आठकोटि वैसंदर बांधौ हस्त हमारे भाइ आनाहि देखे झझके मोहिं देखे बुझाइ हनुमन्त बांधौ पानी होइ जाइ अग्नि भवतेके भवै जस मदमती हाथी हो वैसंदर बांधौ नारायण भाषा मोरि भक्ति गुरूका शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरोवाच ॥

बीग बरावेका मंत्र ।

विगुलीतियुताक पठेकात एहा एहैं नाथके मान मारे पहरैं बाढैं भीम मरहु विगजों चापुह सीम ।

मिश्रित मंत्र ।

गोरख चले विदेश कहँ सातो देहे बांधिसे पांचो चोरविग यथा गोरखनाथकी दुहाई जों काहु सतावे।

राजवशीकरण।

ॐ क्ष्रां क्ष्रं क्ष्रः ।१२। सौं ह ह सः ठः ठः ठः ठः स्वाहा

इस मंत्रसे भोजनको अभिमंत्रित करके भोजन करे तो राजा वशीभूत होता है अथवा जिस मनुष्यका नाम लेकर भोजन करे वह निश्चय वश होता है। उक्त मन्त्रसे अभिमन्त्रित पुष्पोंकी माला शिर पर धारण करे तो स्त्रियें वश होती हैं। उक्त मन्त्रसे अभिमन्त्रित कर जायफलका भक्षण करे तो कामोद्दीपन होता है।

अन्यच्च ।

ॐ नमो भगवते ईशानाय सोमभद्राय वशमानय स्वाहा ।

देवदालीरसं ग्राह्यं शुष्कचूर्णं तु कारयेत् ।
कन्यया च युवत्या वा गुटिका कारयेद्बुधः ।
राजानो वश्यतां यान्ति स्त्रियः पुंसश्च सर्वशः ।

चौरभयं न तस्यापि न च शत्रुभयं क्वचित् ।
व्याधयः प्रशमं यान्ति शुभं च परिजायते ॥ २ ॥

देवदालीका रस लेकर उसको शुष्ककर चूर्ण करे फिर कन्या या युवतीसे उसकी वटिका करावे इससे राजा, स्त्री तथा पुरुष सब वश्य होते हैं। चौर भय शत्रुभय तथा सब व्याधियां नष्ट होती हैं और शुभकी प्राप्ति होती है ॥ १ ॥ २ ॥

पुष्यार्के श्वेतगुंजाया मूलं पञ्चमलान्वितम् ।
ताम्बूलेन प्रदातव्यं सर्ववश्यो भवेद्ध्रुवम् ॥ ३ ॥
तस्या मूलं समुद्धृत्य स्वीयशुक्रेण भावयेत् ।
यस्मै प्रदीयते भोक्तुं स वश्यो भवति ध्रुवम् ॥ ४ ॥

पुष्यार्कमें श्वेत गुंजा (चोंटली) का मूल लाकर उसको पच मलोंसे युक्त कर तांबूलके साथ जिसको दिया जायगा वह निश्चयसे वश होगा अथवा अपने वीर्यसे भावित कर जिसको खानेके लिये दिया जायगा वह निश्चयसे वश्य होगा ॥ ३ ॥ ४ ॥

द्वितीय मन्त्र ।

ॐ चिटि चिटि चामुण्डा काली काली महाकाली अमुकं मे वशमानय स्वाहा ।

सप्तभिर्वशयेत्सर्वं दिवसैर्विधिनामुना ।
विलिख्य तालपत्रे तं साध्यनाम्ना विदर्भितम् ॥

निक्षिप्य क्षीरे पुष्पाणि तत्सर्वं वशयेद्ध्रुवम् ।
तालपत्रे लिखित्वैवं भद्रकाली गृहे खनेत् ।
वश्याय सर्वजन्तूनां प्रयोगोऽयमुदाहृतः ॥

इस मंत्रको ताडपत्रपर लिखके साध्यका नाम भी लिखे फिर कनेरका दूध और जल बराबर लेके उसमें ताडपत्रको डाल दे और रात्रीके समय उस पत्रको अग्निमें चढा देवे और आप बैठकर १००० वार उक्त मंत्रका जप करे इस प्रकार ७ दिनपर्यंत करे तो जिसके ऊपर प्रयोग किया जाय वह वश होगा ॥

मिश्रित मंत्र ।

बाघ बिजुली सर्प चोर चारिउ बांधौ एक ठौर धरती माता आकाश पिता रक्ष २ श्रीपरमेश्वरी कालिकाकी वाचा दुहाई महादेवकी तालत्रय शब्दा-वधि रक्षा प्रसंगात् ॥

पाषाण बरावेका मंत्र ।

समुद्र समुद्रमें दीप दीपमें कूप कूपमें कुइ जहांते चले हरिहर परे चारों तरफ बरावत चला हनुमंत बरावत चला भीम ईश्वर गौरी चला भोला ईश्वर भांजि मठमें जाइ गौरा बैठी द्वारे न्हाइ ठपके नउद परे न बोला राजा इन्द्रकी दुहाई मेरी भक्ति गुरुकी शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरोवाच ॥

तालत्रयेण सर्प बरावेका मंत्र।

सर्पायसर्प भद्रं ते दूर गच्छ महाविष। जन्मेजयस्य यज्ञांते आस्तिक्यवचनं स्मर॥ आस्तिक्यवचनं स्मृत्वा यः सर्पो न निवर्त्तते। सप्तधा भिद्यते मूर्ध्नि वृक्षात्पक्कफलं यथा॥ रात्रौ पठित्वा तालत्रयं दत्त्वा शयनसमये तदा सर्पभय न कुर्यात्।

रात्रिमें शयनके समय इन श्लोकोंको पढके तीन तालियां बजाके सो जावे तौ सपसे भय नहीं होवेगा।

सूकर मूस बरावेका मंत्र।

हनिवंत धावति उंदरहि ल्याये बांधि अब खेत खाय सूअर औ घरमां रहे मूस खेत घर छांडि बाहर भूमि जाइ दोहाइ हनूमानक जो अब खेतमहँ सुवर घरमहँ मूस जाइ॥

नहायके इस मंत्रको ५ वार पढके पांच गांठकी हलदी और अक्षत जहां सूअर औ मूसा आवे वहां बराय दे॥

अन्यच्च।

चितफावेंमनचूहा गांधी एपारी रावन घर बांधी।

अन्यच्च।

हरदीकर गांठी अक्षत पढिके बराइव दुष्टक खेत

१ इस सिद्धमंत्रकी महिमाको सर्व साधारण जानते हैं।

घरमहँ । पीतपीतांबर मूशागांधी । ले जाइहु हनुवंत तु बांधी ॥ ए हनुवंत लंकाके राउ॥ एहि कोणे पैसेहु एहि कोणे जाउ ॥

केवल मूसबरावेका मंत्र ।

मूशा चूहा कुंभ कराई । जबही पठवी तबही जाई॥मूशके ऊपर मूशक फेटातू जाइ काटहु आन केखेत॥गौरापार्वतीकी दुहाई महादेवकी आज्ञा ॥

शस्त्रास्त्र बरावेका मंत्र ।

बांधौ तूपक अवनि वार न धरै चोट न परे घाउ रक्षा करे श्रीगोरखराउ ॥

सप्तवार पढै सर्वांग स्पृशेद्रेणुना ॥

अग्निस्तम्भनमंत्रः ।

अज्ञानबांधो विज्ञानबांधो बांधो घोराघाट आठ कोटि बैसंदर बांधो अस्त हमारा भाइ । आनहि देखें झझके मोहिं देखि बुझाइ हनुवंत बांधो पानी होइ जाइ अग्निभवेत क भवे जसमत्ती हाथी होइ वैसंदर बांधो नारायण साखि मोरी गुरुकी शक्ति फुरो मंत्र ईश्वरोवाच ॥

अन्यच्च ।

अग्नि बांधौ बाहन बांधौ कुलपाहा बांधौर बीच-की वायु चारिहु खुटै वैसंदर बांधौ आतस मेरा भाव

अवर देखे उमगे हमहिं देखे शीतल होइजाइ अग्नि गलिगण्डे लकडी बांधो बहिनि बांधो शाल हाथ जरे न जिह्वा जरे हनिवंत बीरकी आज्ञा फुरे देखि वायुवीर हनुमंत तेरी शक्ति गुरकी शक्ति फुरो मंत्रईश्वरोवाच।

कराही थांभेका मंत्र ।

महिथांभो महिअरथांभोथांभोमाटी सार थांभनो आपनो बैसंदर तेलहि करोतुषार ॥

दिव्यके कराही पढि ७ बेर तौ जीते ॥

अन्यच्च ।

बन बांधौ बनमें दिनि बांधौ बांधो कंठाधार तहाँ थांभौ तेलतेलाईऔथांभौ बैसंदर छारबनमेंप्लुशीतल तातेलावेजयपार ब्रह्मा विष्णु महेश तीनि उचलके-दार देवी देवी कामाज्ञाकी दुहाई पानी पंथ होई जाइ॥

प्रसंगादग्निमुक्तारनमंत्र ।

अग्नि भवतेकेभवे जशमदमतीपर पिण्ड दुःख पावै दोहाई नरसिंह जग दुःख पावै ॥

तेलस्तंभनमंत्र ।

तेल थांभौ तेलाई थांभौ अग्नि बैसंदर थांभौ पांच पुत्र कुंतीके पांचो चले केदार अग्नि चलंते हमचले अगिया परा तुषार ॥

टोना झारेका मंत्र ।

लोना सलोना योगिनि बांधे टोना आवहु सखि मिलि जादू कवनु कवनु देश कवनु फिरि आदि अफूल फुलवाई ज्यों ज्यों आवै बास त्यों त्यों फलानी आवै हमरे पास कवरू देवीकी शक्ति मेरी भक्ति फुरो मोहनी ईश्वरोवाच ॥

अन्यच्च ।

सोम शनिश्चर भौम अगारी । कहा चललि देई अंधारी । चारिजटा वज्रकेवार । दीनहि बांधो सोम-दुवार। उत्तर बांधो कोइला दानव दक्षिण बांधो क्षेत्र पाल चारि विद्या बांधिके देउ विशेष मवर भवर दि-घिल भवरगए चलु उत्तरापथ योगिनी चलु पाता-लसे बासुकी चलु रामचन्द्रके पायक अंजनीके चीर-लागे ईश्वर महादेव गौरा पार्वतीकी दुहाई जो टोना रहै एदी पिंड मन्त्र पढि फूकै टोना कइल न रहे ॥

टोना झारेके प्रत्यक्ष करनेका मंत्र ।

लोहेके कोठिला वज्रके किवार । तेहिपर नावो बारम्बार । तेते नहिं पहनहिं कहुएबार एक। पंठा अनंडा बांधौ डीठि मूठि बांधौ तीरा बांधौ स्वर्गे इन्द्र बांधौ पाताले बासुकी नाग बांधौ सैय-

दके पाँव शरण षोदकी भक्ति नारसिंह वादिकार खेलु २ शंकिनी डंकिनी सात सेतरके संकरी बारह मनके पहार तेहि ऊपर बैठ अब देवी चौतराकय आन जंभाइ जंभाइ गोरखकी दुहाई नोनाचमा-रीकी दुहाई तैंतीस कोटि देवताओंकी दुहाई हनू-मान्‌की दुहाई काशी कोतवाल भैराकी दुहाई अपने गुरुहि कटारी मारु देवता खल सभ आप लेइ काशी कादि कादिकाशिकर पाप तेहि देवताके कंध चढाइ काट जो मनमहँ क्षोभराखै ॥

मन्त्र स्त्रीझारेके टोना चुरैलके।

एकांत परदा कराइके नोन पानीसे झारिये तौ टोनादिक न रहै उतरि जाइ तुरंत ॥

ओं पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण चारिका सर्ग पाताल आंगनद्वार घर मंझार खाट बिछौना गडई सोवनार सागलन औ जेवनार विरा सोंधावै फुलेल लवंग सोपारीजे मुह तेल अवटन उवटन औ अवनहान पहिरणलहंगा सारी जानडोराचोलिया चादरि झीन-मोट रूइ ओढन झीन शंकर गौरा छेत्रपाला पहिले झारो वारम्वार काजर तिलक लिलार आंखि नाक कान कपार मुह चोटी कण्ठ अवकंष कांध बाँह हाथ गोड अंगुरी नख धुकधुकी अस्थल नाभी

पेटी नीचे जोनि चरणि कत भेटी पीठि कारि दाव जांघ पेडुरी घूठी पाबतर ऊपर अंगुरा चाम रक्त मांस डांड गुदी धातु जो नहींछाडु अंतरी कोठरी करेज पित्तही पित्तजिय प्राण सब बित बात अंक-मने जागु बडे नरसिंह कि आनु कबहुन लागु फांस पित्तर रांग कांच लोहरूप सोन साच पाट पटवशन रोग जोग कारण दीशन डीठि मूठि टोना थापक नवनाथ चौरासी सिद्धके सराप डाइनि योगिनी चुरइलि भूतव्याधि परि अर जेजुतभनै गोरख वैन साच प्रगटरे विलाउकाली औ भैरवकी हांक फुरो ईश्वरोवाच ॥

मंत्र ज्वरझारनेका ।

ओंनमो अजैपालकी दुहाई जो ज्वर रहै तो महादेवकी दुहाई फुरो मंत्र ईश्वरोवाच ॥

इस मंत्रको सात ७ बार पढके झारे तो ज्वर नरहे॥

अन्यञ्च ।

समुद्रस्योत्तरे कूले कुमुदो नाम वानरः ।
तस्य स्मरणमात्रेण ज्वरो याति दिशो दश ॥

इस मंत्रको पढ २के कुशासे झारे तो ज्वर न रहै ॥

मंत्र तृज्वरझारनेका ।

कारीकुकरी सात पिल्ला व्याई सातौ दूधपिआई

जिआई बाघ थन इलोकांश्चलायेके मंत्रेतीनो जाइ मंत्र पढि पढि दाहिने हाथसे आंचर मजित फूँकै रोगीसे रोग छुवाइ॥

स्त्रीवश्य-प्रयोग।

ओं भगवति भग भाग दायिनी अमुकीं मम वश्यं कुरु कुरु स्वाहा॥

इस मन्त्रसे गुरुवारके दिन लवणको अभिमन्त्रित करके जिस स्त्रीको खानपानमें दे वह अवश्य वशमें होगी॥

द्वितीय मंत्र।

ॐ ह्रीं महामातंगीश्वरी चांडालिनि अमुकीं पच पच दह दह मथ मथ स्वाहा॥

रविवारके दिन जिसका नाम लेकर दूध और शर्करासे होम कर वह वशमें होगी उपरोक्त दोनों मन्त्रोंका पुरश्चरण करते समय १०००० जप करनेसे सिद्धि होती है॥

अन्य मंत्र।

ॐ कामिनी रंजिनी स्वाहा॥

अमुं मंत्रं अलक्तकेन स्त्रियाः करतले लिखेत् सा वश्या भवति॥

अन्य प्रयोग ।

ॐ कुम्भनी स्वाहा ॥

इस मन्त्रस १०८ बार पुष्पको अभिमन्त्रित करके स्त्रीको सुँघानेसे वशमें होगी ॥

द्वितीय मत्र ।

ॐ नमो नमः पिशानी रूप त्रिशूलं खड्गं हस्ते सिंहारूढे अमुकीं मे वशमागच्छ २ कुरु २ स्वाहा॥

इस मंत्रको भोजपत्रके ऊपर लिखकर जिसका नाम लेके धूप दे वह वशमें होगा। परन्तु इस मंत्रको ७ अथवा २१ दिन सिद्ध करना चाहिये ॥

अन्यच्च ।

ॐ ह्रीं सः ॥

इति मन्त्रेण मदनसदनांकुशध्वजं मेलयित्वा साध्यां वासाध्यां अयुतं १०००० जपे यथाभिलषितदिनेषु वश्यो भवति ॥

अन्य प्रयोग ।

ह्रां अघोरे ह्रीं अघोरे ह्रूं घोरघोरतरे सर्वं सर्वें नमस्ते रूपे हः ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे विच्चे नवाक्षरचंडीमंत्रेण निमन्त्रयेत्तच्च बलिपूर्वकम् ॥

अन्य मंत्रप्रयोग ।

ऐं भग भुगे भगनि भागोदरि भगमाले योनि

भगनिपतिनि सर्वभगसंकरीभगरूपे नित्यक्लें भग-स्वरूपे सर्वभगानि मे वशमानय वरदेरेते सुरेते भग-क्लिंने क्ला न द्रवे क्लेदय द्रावय अमोघेभगविधे क्षुभ क्षोभय सर्वं सत्वाभगेश्वरि ऐं क्लु ज व्लू भे व्लू मा-व्लू हे हे क्लिन्ने सर्वाणि भगानि तस्मै स्वाहा ॥

जिस स्त्रीको वशमें करना होइ उसे देखता जाय और उक्त मन्त्रको जपै तौ शीघ्र वशमें होगी ॥

दूसरा मंत्र ।

ॐ नमो उच्छिष्ट चाण्डालिनि पच २ भंज २ मोहे २ मम अमुकीं वश्यं कुरु २ स्वाहा ॥

भोजन करनेके अनन्तर पके हुए चावलोंको एक हाथमें लेकर इस मंत्रको पढे फिर उस भात-को रखछोडे । इसी प्रकार १० दिन पर्यंत करे फिर दसों दिनके भातको लेके ७ वार मंत्र पढकर स्त्रीको खानेके लिये दे अथवा उसके घरमें फेंकदे तौ वह वशमें होगी ॥

परन्तु—नीचे लिखे यंत्रको अष्टगन्धसे भोजप-त्रके ऊपर लिखकर पूजा करे प्रतिष्ठा करै और आसनके नीचे दाबकर फिर मन्त्र जपै ॥

ॐ कामिनी रंजनि स्वाहा ॥

अस्य मन्त्रस्यायुतं १०००० पुरश्चरणं कृत्वा कामिनी हस्ते लिखेत् । सकृत् रविगुरुभौमवारे एव वारत्रयं विलिखेत् तदा स्त्री वश्या भविष्यति ॥

अथान्य प्रयोग ।

ॐ नमः क्षिप्रकामिनि अमुकीं मे वशमानय स्वाहा ॥

प्रातःकालही दन्तधावन करके जलभरी लुटिया हाथमें लेकर ७ वार मंत्र पढके उस जलको पीवै इस प्रकार सात दिन पर्यंत करनेसे स्त्री वशमें होती है॥

कामाक्रान्तेन चित्तेन मासार्धं जपतें निशि ॥
अवश्यं कुरुते वश्यं प्रसन्नो विश्वचेटकः ॥ १ ॥

ऐं सहवल्लारि क्लीं कर क्लीं काम पिशाच अमुकीं कामं ग्राहय २ स्वप्ने मम रूपेण नखैर्विदारय २ द्रावय २ रद महेन बन्धय २ श्रीं फट्॥

द्वितीय मन्त्र।

ऐं सहवल्लारि क्लीं कर क्लीं काम पिशाच अमुकीं कामग्राहय पन्ने मम रूपेण नखैर्विदारय२द्रावय २ बन्धय २ श्रीं फट्॥

उपरोक्त दोनों मंत्रोंकी वोही विधि है जैसी इनसे पहले मन्त्रकी विधान करी गई है॥

अन्यमन्त्रप्रयोग।

ॐ ठः ठः ठः ठः अमुकीं म वशमानय स्वाहा ह्रीं क्लीं श्रीं श्रीं क्लीं स्वाहा। श्रीबटुकाय नमः॥

इस मन्त्रको १०००० जपै रविवारके दिन जप करनेसे सिद्ध होता है॥

इसके प्रयोग करनेकी यह विधि है कि रविवारके दिन जौका आटा सवा पाव महीन पीसकर १ रोटी बनाके बेलै उसे मन्द २ आंचपर सेकै। एकही तरफ सेकै दूसरी तरफ न सेकै एकही तरफसे ऐसी सेकै कि दोनों तरफ सिक जावै। फिर

१ यदि दोनों मन्त्रोंको कामयुक्त चित्तसे १५ दिन पर्यंत जपै तो भगवान् महादेवकी कृपासे स्त्री अवश्य वशीभूत होगी॥

जिधर सेकी नहीं है उधर मन्त्र लिखै । सिंदूरको पानीमें घोलकर तर्जनी अँगुलीसे मन्त्र लिखना चाहिये । फिर उसकी पंचोपचार पूजा करे । मिष्टान्न दही और चीनी उस रोटीके ऊपर रखना यह सब वस्तु इस प्रकार रखनी जिसमें रोटी ढक जावै ॥

इस प्रकार करके जिसे वशमें करना हो उसका नाम ले २ कर उस मन्त्रका १०८ बार जप करै । इसके बाद मन्त्र पढ २ के उस रोटीके टुकडे कर २ के काले कुंत्तेको खवावै । इस प्रकार करनस अवश्य वशमें होगी. पूजनकी सामग्री यह है—गन्ध, पुष्प, सुपारी, पान, दीपक, गोरे बटुकनाथ और दक्षिणा इस मन्त्रका पुरश्चरण करते समय ब्रह्मचर्यसे रहना चाहिये ॥

आंखि झारनेका मंत्र ।

पानीके छींटे पढिके मारे सातवेर कुलीमंडा जाई॥
सम्पातिचसुकन्यांच च्यवनं शक्रमन्वितौ ॥
एतेषां स्मरणान्नृणां नेत्ररोगो प्रणश्यति ॥

उठी आंखि झारनेका मन्त्र ।

ॐ बने बिआई बानरी जहां २ हनिवन्त आंखि

१ यदि स्त्रीको वशमें करना होय तौ काली कुतियाको रोटी खवानी चाहिये।
२ यदि एक न खाय तौ दूसरे कुत्ते अथवा कुतियाको खवानी चाहिये ।

पीडा कषावरी गिहिया थनैलाइ चारिउजाइ भस्मत गुरूकी शक्ति मेरी भक्ति फुरो मंत्र इश्वरावाच ॥

आंखपर हाथ फेरे सात सात वार पढके फूंके तौ व्यथा और पीडा न रहै॥

रतौंधी झारनेका मन्त्र ।

मंत्र पढि २ के फूके भाट भाटिनि सरिचली कहां जाइब जावेउ समुद्र पार भाटिनि कहा मैं बिआवेंऊ कुशकी छाली बिआवेंउ उपसमा छीकर मुडा अंडाघोसों हिलतारा सोहिल तारा राजा अजैपाल ऊतर तर है राजा अजैपाल करकंदार पाना भरत रहै उन्ह देखै पावावालाउ गोडिया मला उजाल तैके मैं अघोखी ईश्वर महादेव कै दोहाई येही घरी उतारि जाइ ॥

रस्सा झारनेका मन्त्र।

पानी ७बेर पढके पियेके देई कारनी कर सो तुरंत छूटै । ॐअगस्त्यः खनमानःखनित्रैःमयामयत्यंव लमीक्ष्यमाणः उभौवणावृष्टिरुग्रपुयोषसत्तादेवेष्वाशिषो जगाम ॥ आतापि भक्षितो येन वातापि च महाबलः। समुद्रः शोषितो येन समेऽगस्त्यः प्रसीदतु ॥ अगस्त्यं कुंभकर्णं च शनिं च वडवानलम् । आहारपरिपाकार्थं संस्मरेच्च वृकोदरम् ॥

दांतव्यथा झारनेका मन्त्र ।

पढिके फूके दरदपै बेर ७ व्यथा छूटै तुरंत । अग्नि बांधौ अग्निश्वर बांधौ सो खाल विकराल बांधौ सो लोहां लोहार बांधौ वज्रक निहाय वज्रघन दांत पिराय तो पिराय महादेवके आन ॥

नारा उखरा हो तो हाथ तर्जनी आंगुरिसे झारै ॥

सम्पूर्ण शिरोव्यथाके मन्त्र ।

मालाकण्डाके बेर २१ तब फूके शिरोव्यथा छूटै । निसु नहिंरै रोइबदधर मेघ गरजाहि निसुनहि कहलु धर कुफु निवेरी फान डमरू न बजै निसु-नहि कहल विन्न पटु साचभई ॥

मन्त्र हूक झारनेका ।

ॐ सुमेरुपर्वत पर नोनाचमारी सोनेकी रांपी सोनेका सुतारी हूक चूक वाह बिलारी धरणी नालि काटि कूटि समुद्र खारी वहावौ नोनाचमारीकी दुहाइ फुरो मंत्र ईश्वरोवाच ॥

बार इक्कीस पढै शरीरहूक न रहै ।

कर्णमूल मंत्र ।

पढिके राखसे झारी कर्णमूल न रहै । वनाह गाठि वनरी तौ डाटे हनुमान् कंठा बिलारी बाघी थनैली कर्णमूल सभजाइरामचंद्रकीबचनपानीपथहोइजाइ

घीनहीका मन्त्र ।

एहर चालो मेहर चालो लंका छोडि बिभीषण चालो । बेगि चल बेगि चल मंत्रसहि ।

थनैली झारनेका मंत्र ।

कंष बिलारी बघ थनैला पांचवान मोहिं भैरों दैल कंष बिलारी बघ थनैला डावा पलटि जाहु घर अपने राजा मनेरीकी दुहाई जौडावार है गुरुकी दोहाई ॥

ममरषा झारनेका मंत्र ।

पढि २ के फूक । राजा अजैपाल सागर खतवारा वट बांधा घाट उतई ममरषी पानि पिउ सातराति मोहि पीपरपात गुंगी बौरी डोमिनी चंडालिनी तू है नीकी ममरषी तिल एक रथ ठाठि कण्ठ झारि ममरषी क्रोध करु ॥

अंडवृद्धिका मंत्र ।

पढि पढि मले फूके अण्डवृद्धि छूटै । ॐ नमो आदेश गुरुको जैसेकै लेहु रामचन्द्र कबूत ओसइ करहु राध बिनि कबूत पवनपूत हनुमंत धाउ हर हर रावन कूट मिरावन श्रवइ अण्ड खेतहि श्रवइ अण्ड अण्ड विहण्ड खेतहि श्रवइ वाजंगर्भहि श्रवइ स्त्री पीलहि श्रवइ शाप हर हर जंबीर हर जंबीर हर हर हर ॥

यह मंत्र महा अनुभाव है चारि वस्तुपर चलताहै जो स्त्रीको पानी पढके पिआवै तो गर्भ श्रवे महीना दुइ तीनका । पुरुषको पिआवै अंडवृद्धि छूटै नीका होय । एक ढेला पढिके सांपके विपरीपर धरै तो सांप निकलि जाइ । तीनि ढेला पढिके तीनिकोने फेंकिदेइ तौ खेत सूखि जाइ उपजे नहीं । दिन तीनि चारिका बोवा होइ तिसपर चलै मंत्र पढके बार तीनिडबार॥

मृगीका मंत्र ।

हाल हल सरगत मंडिका पुड़िआ श्रीराम फुकै मृगीवायु सूख ॐ ठः ठः स्वाहा ॥

यह मंत्र लिखके कंठमें बांधे जब मृगी आवे ॥

खेत नीके उपजे और रक्षा रहै इसके मन्त्र ।

उलटंथि नरासिंह पलटंथि काया रक्षाकरंथि नरासिंहराया ॥

फूकाबागीका मन्त्र ।

बनेबिआई अंजनि जायो सुतहनुवंत नेहरुवा-देहरुवा जरिहोइ भस्मंत गुरुकी शक्ति ॥

मंत्र पढि वेर ७ सीकटी एक वा तीनि वा सात लेइ झारना फूकाबागी नीका होय ॥

अन्यच्च ।

भांमनसेति योगीभया जनेउतोरि नहेरुआकिया न पाकै न फूटे न व्यथाकरे विरूपाक्षकी आज्ञा भीतरहि सरै ॥

७ सात वेर पढि पानीका छीटा मारे नहेरुवा ओपिआइव पानी मंत्र पढे बार २१ नहेरुवा न रहै॥

पोतरहंडि व हूक और घेटमोर
